श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
10.12.2024
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष दशमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 107

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 24 डिग्री से.
न्यूनतम : 15 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार   www.banshidharnews.com
करीब 2 घंटे तक की सड़क जाम >> पेज 03   'बागी-4' में विलेन का किरदार निभाएंगे संजय दत्त : पेज 04

## सुविचार

जिस तरह सोच समझ कर बोलना एक कला है, तो मौन रहना भी किसी साधना से कम नहीं!

## न्यूज अपडेट्स

### स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।

### टुंडी के सीआरपीएफ कैंप में गोली लगने से जवान की मौत

**धनबाद।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में पदस्थापित सैट रिजर्व पुलिस के हवलदार की रायफल साफ करने के दौरान सोमवार को गलती से गोली चल जाने से मौत हो गई है। घटना के बाद उसे एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत जवान का नाम नंदकिशोर सिंह है, वह पलामू जिले के लेस्लीगंज का रहने वाला था। वहीं घटना की सूचना पर सिटी एसपी अजित कुमार अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही घटना की जांच के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

**विधानसभा** छठी झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र : सदन में 80 विधायकों ने ली शपथ

# 21 विधायक पहली बार पहुंचे विधानसभा

बंशीधर न्यूज

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन के 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई गयी। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड़ विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन सहित 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।



विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का अभिवादन करते संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर।

हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। इस बार सदन में 21 नये चेहर दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। सदन में पहली बार पहुंचने वाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रुघ्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं, 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं। राजद, माले, आजसू एवं जेएलकेएम के एक-एक विधायक शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया। सदन पहुंचने वाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल हैं। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं। स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं। झारखंड विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हुए जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा। जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ लिखूंगा, जो मैं विधानसभा में लूंगा। यह मेरे लिए लोकतंत्र के प्रति मेरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी में बने मंत्रियों के आवास का किया निरीक्षण, 15 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश

बंशीधर न्यूज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी, रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कई दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास और पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी, 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था और झूला इत्यादि लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार और जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लोस : दोनों सदनों में नहीं हो पाया कामकाज

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को पक्ष-विपक्ष की विभिन्न मुद्दों पर तकरार के चलते तीन बार स्थगित करनी पड़ी है। दोनों सदन थोड़े-थोड़े अंतराल पर ही पहले 12 बजे, फिर 2 बजे और फिर 3 बजे तक के लिए स्थगित किए गए। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं चली और उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को चेताया। उन्होंने पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते। इसके बाद उन्होंने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। 12 बजे भी कार्यवाही थोड़े अंतराल में ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 2 बजे लोकसभा में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देना चाहा लेकिन हंगामें के चलते कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। तीन बजे फिर से सदन का कामकाज शुरू होने पर हंगामा रहा और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया।



उधर, राज्यसभा में भी कुछ ऐसी ही स्थिति रही। सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित होने के बाद वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया। इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर ऐसे संगठनों से जुड़े होने का आरोप लगाया, जिन्हें जॉर्ज सोरोस का समर्थन प्राप्त है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों का खंडन किया और सत्ता पक्ष पर ही आरोप लगाए।

## झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, हुई बेमौसम बरसात

# आज से मौसम साफ, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं, कई इलाकों में बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।



मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार हुआ है। इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई। गढ़वा जिले में रात में हल्की बारिश हुई। पलामू में अहले सुबह करीब तीन बजे से हल्की बारिश शुरू हुई, जो सुबह 5:15 बजे तक होती रही। गुमला में सुबह सात बजे से साढ़े सात बजे तक बारिश हुई। बारिश रुकने के बाद चारों तरफ जलजमाव हो गया। आसमान में अभी भी बादल छाए हुए हैं। सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई। खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## हिमाचल में बर्फबारी में फंसे 800 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुत्फ लेने आए पर्यटकों के सैकड़ों वाहन अटल टनल और आसपास पहली बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। पुलिस ने अटल टनल के दोनों छोर, उत्तरी व दक्षिण में फंसे वाहनों और करीब 800 से अधिक पर्यटकों को रेस्क्यू करते हुए देर रात तक मनाली की तरफ भेजा। पहाड़ों में बर्फबारी का लुत्फ लेने भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। बीती शाम पहाड़ों में बर्फबारी का आनंद लेकर कुल्लू में अटल टनल से होते हुए सैकड़ों वाहनों से पर्यटक गुजर रहे थे। इसी बीच रविवार को पहली बर्फबारी के चलते टनल के आसपास जमा



बर्फ में गुजरते हुए सैकड़ों वाहनों में सवार पर्यटकों समेत अन्य लोग फंस गए। बर्फबारी में फंसे वाहनों को निकलवाने पुलिस ने मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के दौरान अटल टनल रोहतांग के उतरी व दक्षिण छोर में फंसे काफी संख्या में पर्यटक व अन्य वाहनों को निकलवाया गया। यह रेस्क्यू करीब 11 बजे रात तक चला और इस दौरान सैकड़ों पर्यटकों को वाहन समेत सुरक्षित मनाली की तरफ भेजा गया।

# डीसी ने पुरुष नसबंदी अभियान का किया शुभारंभ, कहा-स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र में सोच बदलने की जरूरत है




बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर ने सोमवार को सदर अस्पताल में पुरुष नसबंदी अभियान का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। उस मौके पर डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र में सोच बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों में पुरूष नसबंदी को लेकर जानकारी का अभाव है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों को लोगों के बीच जाकर जानकारी देने एवं उन्हें समझाने का निर्देश दिया। सीएस डॉ अशोक कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन की कई विधियां हैं। उन्होंने कहा कि जो अपना परिवार पूरा कर लिये हैं वह पुरुष नसबंदी करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी में बिना चिर टांका के ऑपरेशन कराकर तुरंत अपने घर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान 2 से 21 दिसंबर तक चलेगा। पुरुष नसबंदी के बाद व्यक्ति को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के लिये आठ रथ को रवाना किया गया है, जो पूरे जिले में घूम-घूम कर प्रचार प्रसार करेगी। उपाधीक्षक हेरन चंद महतो ने कहा कि पुरुष नसबंदी परिवार नियोजन का ही पार्ट है। उन्होंने कहा कि इसके लिये सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी कराने वालों को 3000 रूपया दिया जायेगा। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार, राकेश कुमार तरुण, डीपीएम नीरज कुमार, विमलेश कुमार, सुबोध सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं, राहगीर परेशान

**भवनाथपुर :** ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने से मजदूर वर्ग परेशान है। भवनाथपुर प्रखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लेकिन चौक-चौराहों पर सरकारी स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मजदूर वर्ग और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। स्थानीय मजदूरों, राहगीरों एवं दुकानदारों जितेंद्र राउत, सुनील राम, प्रताप राउत, मिथिलेश विश्वकर्मा, संत कुमार, तुलसी राम ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सरकारी सहायता के अभाव में उन्हें रातें गुजारना मुश्किल हो रहा है। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव सीओ से मिलकर मांग की है कि ठंड से बचाव के लिये अलाव जलाने के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल और अन्य सहायता प्रदान की जाय। मांग किये चार दिन बीत जाने के बाद भी आज तक सीओ के द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं किया गया है। झामुमो नेता ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों और मजदूरों के लिये अलाव जलाने की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द ही उचित कदम नहीं उठाता है, तो इससे गरीब वर्ग को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**विरोध** ▶ बदसलूकी के खिलाफ छात्र-छात्राएं सड़क पर उतरीं

# दो घंटे तक सड़क जाम

### हाईस्कूल में रजिस्ट्रेशन के लिये अवैध वसूली का विरोध

### बीडीओ व थाना प्रभारी के आश्वासन पर विद्यार्थी हुये शांत

### विद्यार्थियों के आरोप पर मांगा गया है स्पष्टीकरण, नियम संगत होगी कार्रवाई : बीडीओ



बलराम शर्मा

**मेराल :** प्रखंड के स्तरोनत उच्च विद्यालय ओखरगड़ा के छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुये सोमवार को करीब दो घंटे तक गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ को जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णुकांत मौके पर पहुंच कर विद्यार्थियों से मामले को लेकर पूछताछ की तथा समझा बुझाकर शांत कराते हुये यातायात व्यवस्था बहाल कराया। उक्त मामले को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। विद्यार्थियों द्वारा दिये गये आवेदन के अनुसार रजिस्ट्रेशन के लिये कक्षा नौवीं के लिये 900 तथा कक्षा दसवीं के लिये 1100 रुपये की वसूली की जा रही है। जबकि नौवीं कक्षा के लिये शिक्षा विभाग द्वारा ढाई सौ रुपये तथा दसवीं कक्षा के लिये 740 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी द्वारा विद्यालय के बाहर उनकी जमीन में साईकिल खड़ा करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। उक्त आरोप के बारे में पूछे जाने पर विद्यालय के अध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी ने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। इस मामले को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नहीं हो सका।

#### नियम संगत होगी कार्रवाई : बीडीओ

मामले को लेकर बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि विद्यार्थियों के आरोप पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। साथ ही मामले की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी दी गई है।

# रांची जैविक उद्यान्न से पीटीआर में लाये गये हिरण

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू टाईगर रिजर्व में रांची के भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान से 28 नर और 146 मादा हिरण को लाया गया है। सभी को बारेसाढ़ स्थित सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा गया है। पलामू टाईगर रिजर्व में बाघों के प्रवास को बेहतर करने के लिये चार सॉफ्ट रिलीज सेंटर बनाये गये हैं। चारों सॉफ्ट रिलीज सेंटर को ग्रास लैंड के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। नेशनल टाईगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बाद पलामू टाईगर रिजर्व ने भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान्न से 300 हिरण और 10 काला हिरण को पीटीआर में शिफ्ट करने की योजना तैयार की है। पहले चरण में 28 नर और 146 मादा हिरण को लाया गया है। सभी को बोमा तकनीक के माध्यम से पलामू टाईगर रिजर्व में लाया गया है। अगले कुछ दिनों में काला हिरण को भी बोमा तकनीक से पलामू टाईगर रिजर्व में लाया जायेगा। पलामू टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि पलामू टाईगर रिजर्व में बाघों को बेहतर प्रवास के लिये कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सॉफ्ट रिलीज केंद्र बनाये गये हैं, जहां हिरण और चीतल को शिफ्ट किया जा रहा है। पलामू टाईगर रिजर्व 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। पलामू टाईगर रिजर्व के सिर्फ बेतला नेशनल पार्क के इलाके में ही हिरण की मौजूदगी है। जबकि पूरा पलामू टाईगर रिजर्व बाघों के लिये चर्चित है। पलामू टाईगर रिजर्व के सभी इलाकों में हिरण की मौजूदगी हो, इसी वजह से सॉफ्ट रिलीज की स्थापना की गयी है। हिरण और चीतल को कुछ दिनों तक सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा जायेगा, इसके बाद स्थानीय वन क्षेत्र में छोड़ दिया जायेगा। बिरसा मुंडा जैविक उद्यान्न से लाये गये हिरण और चीतल को पहले जंगली वातावरण के अनुकूल बनाया जायेगा, उसके बाद उन्हें जंगल में छोड़ा जायेगा।

### दबंग मुखिया पति ने पंचायत की महिला के साथ किया दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के चेचरिया पंचायत के दबंग मुखिया पति राजेन्द्र चौधरी द्वारा पंचायत के खोलरा गांव की एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। उक्त घटना के बाद महिला ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया गया है। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना को लेकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। घटना के संबंध में महिला द्वारा बताया गया है कि किसी काम से अपने घर के पीछे गई थी, उसी दौरान मुखिया पति राजेन्द्र चौधरी के द्वारा जबरन दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के पति ने मौके पर ही मुखिया पति को पकड़ लिया। परंतु दबंग मुखिया पति ने उसके साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गया। थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि उक्त घटना को लेकर रविवार को गांव में पंचायती बुलाई गई। परंतु मुखिया पति पंचायत में शामिल नहीं हुआ। आवेदन में मुखिया पति राजेंद्र चौधरी पर पीड़िता के पति की हत्या करने सहित विभिन्न तरह की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

### आवास निर्माण में गड़बड़ी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने की कार्रवाई की मांग

**मेदिनीनगर :** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने राज्य के ग्रामीण विकास सह पंचायती राज मंत्री दिपीका पाण्डेय सिंह को पत्र लिखकर डीडीसी पर भ्रष्ट अधिकारी व कर्मियों का संरक्षण देने का आरोप लगाया है। श्री त्रिपाठी ने इस संबंध में लिखे पत्र में कहा है कि पलामू जिले के चैनपुर प्रखण्ड में संजय कुमार रवि (बीएफटी) द्वारा अबुआ आवास के प्रथम किस्त के नाम पर सेमरा पंचायत के बलहीया निवासी रूकमणि देवी पति लक्ष्मी यादव से 10 हजार रुपए रिश्वत लेने के साथ ही दुसरे किस्त की राशि के लिये उच्चाधिकारियों के नाम पर दबाव बनाकर लाभुक से और 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। लेकिन लाभुक द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद भी उक्त मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। पत्र में श्री त्रिपाठी ने कहा है कि दैनिक सामाचार पत्र में खबर छपने के बाद चैनपुर बीडीओ के मौखिक आदेश पर प्रखण्ड आवास कॉडिनेटर बिरबल राम प्राथमिकी दर्ज करने थाना पहुंचे। लेकिन पलामू डीडीसी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने से उन्हें रोक दिया गया। इससे संबंधित खबर एक बार फिर से दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद पलामू डीसी ने इस मामले को संज्ञान में लिया और प्राथमिकी दर्ज हुई। पत्र में पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना में संलिप्त दोषी पदाधिकारियों की जांच किसी भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों से कराकर दोषी को कड़ी सजा दी जाय। ताकि पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों का शोषण बन्द हो।

### पंचायत साक्षरता प्रेरकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी पंचायत साक्षरता प्रेरकों ने हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव को उनके आवास परिसर में पहुंचकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से झारखण्ड सरकार के अन्य विभागों में पंचायत साक्षरता प्रेरकों का समायोजन कराना, पूर्व मानदेय 2000/- (दो हजार रू०) प्रति माह को बढ़ाकर एक सम्मानजनक मानदेय दिये जाने, पंचायत साक्षरता प्रेरकों के बकाये मानदेय का अविलम्ब भुगतान किये जाने की मांग की है। उन्होंने विधायक से अनुरोध किया है कि इन सारी बिन्दुओं को अपने संज्ञान में लेते हुये पुनः पंचायत साक्षरता प्रेरकों को सरकार के अन्य विभागों में समायोजन कराने की कृपा की जाय।

### जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ पूरे समाज को आगे बढ़कर लड़ना होगा : नीता चौहान



**मेदिनीनगर :** नई संस्कृति सोसाईटी के तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, जेंडर आधारित हिंसा सहित बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या एवं सेफ एंड अनसेफ टच आदि ज्वलंतमुद्दों पर अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय कोयल नदी के तट पर स्थित कोयल रिवर फ्रंट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि पूरे देश में जेंडर आधारित हिंसा को रोकने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में अपने जीवन को सही दिशा में डालने की प्रेरणा जागृत होगी और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने की क्षमता का विकास होगा। कलाकार प्रेम भसीन ने बच्चों की चित्रकला से प्रभावित होकर अपनी ओर से भी एक विशिष्ट पुरस्कार की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर नैसर्गिक कलाकार होते हैं। उन्हें सिर्फ सही दिशा देने की आवश्यकता होती है। यूनिसेफ के जिला समन्वयक डॉक्टर ख्वाजा तबरेज ने जिला प्रशासन एवं नई संस्कृति सोसाईटी द्वारा किये जा रहे साझा प्रयास की प्रशंसा करते हुये कहा कि जेंडर आधारित हिंसा एक ऐसी समस्या है जो हर घर में आसानी से देखने को मिलती है और हमारा यह प्रयास होना चाहिये कि इन कुरीतियों का जड़ से उन्मूलन किया जा सके। कार्यक्रम में गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल, जीपीएस जमुना, ग्रीन वैली स्कूल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, ओरिएंट पब्लिक स्कूल, लोटस अकैडमी, आरएन टैगोर, विमला पांडेय ज्ञान निकेतन ,आईटी हस हाईस्कूल आदि विद्यालयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सुमन कुमारी, मोहम्मद हामिद, कार्टूनिस्ट अमन चक्र, संस्था की ओर से नई संस्कृति सोसाईटी के अध्यक्ष विशाल कुमार, सचिव अजीत कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष राहुल रंजन, उप सचिव मनीष कुमार, एडमिन चंदा झा, हिमांशु त्रिवेदी, अशोक कुमार पांडेय, डॉक्टर देव प्रकाश गिरी, उदय कुमार झा, संगीता सिंह, पंकज निराला, अविनाश कुमार, राजा ने अपनी सहभागिता निभाई।

## घर हुआ ध्वस्त तो मंदिर से हुई हिरमानियां की शादी

# धरा का धरा रह गया घर से शादी करने का सपना

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** पांडू थाना क्षेत्र के कजरु कला में रविवार को हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में हुई कार्रवाई के बाद ललन राम, बिंदु राम व बिजय राम (सभी सगे भाई) का परिवार पूरी तरह से बेघर हो गया है। कोर्ट के फैसले के बाद रविवार को प्रशासन की मौजूदगी में तीनों भाई जो एक ही मकान में रहते थे, उसे बुलडोजर लगाकर जमींदोज कर दिया गया। पीड़ित परिवार के लोगों ने प्रशासन से अपनी बेटी की शादी तक कि मोहलत मांगी थी। लेकिन प्रशासन के लोगों ने एक भी नहीं सुना। चार बुलडोजर लगाकर तीनों सगे भाईयों का समिलात आशियाना को देखत ही देखते मलवा में तब्दील कर दिया गया। मकान ध्वस्त होने के साथ ही घर से बच्ची (हिरमानियां) की शादी करने का सपना भी चकनाचूर हो गया। अहले सुबह बारात आनी थी। अब बारात की तैयारी तो दूर बेटी की शादी कहां से होगी, चिंता बढ़ गयी। घर जब गिराया जा रहा था तब विरोध कर रही पीड़ित परिवार के चार महिलाओं को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने ले गयी थी। जिसमें हिरमनियां उर्फ पुनिया भी शामिल थी, जिसकी सुबह शादी होनी थी। हालांकि देर रात महिलाओं को छोड़ दिया गया था। आशियाना उजड़ने के बाद परिवार के सभी लोग सदमे में थे। सोमवार को घर पर बारात आनी थी लेकिन घर ही ध्वस्त हो गया तो आखिर बारात आती कैसे ? परिवार के लोगों का सभी अरमान भी ध्वस्त हो गया। अंत में परिवार के लोगों ने भारी मन से बेटी हिरमनियां उर्फ पुनिया की शादी का रस्म की औपचारिकता सोमवार को पांडू के हिसरा काली मन्दिर से सम्पन्न हुई। इस करवाई के बाद से पांडू के लोगों में प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश है।

#### पीएम आवास योजना मद से बना था आवास

तीनों पीड़ित परिवार ललन राम, बिंदु राम व बिजय राम को पीएम आवास योजना के तहत आवास बना था। पीड़ित परिवार का कहना था कि जमीन का मालिकाना हक किसी और व्यक्ति का था तो जिस समय आवास बन रहा था उसी समय रोक लगा देना चाहिये था, खून पसीना बहाकर कड़ी मेहनत से जब घर बना दिया गया तो उसे जबरन उजाड़ दिया गया। आज सभी परिवार इस कड़ाके की ठंड में खुले छत के नीचे रहने को मजबूर हैं। इस पीड़ित परिवार के पास घर के अलावा कुछ नहीं था जो घर भी ध्वस्त हो गया। पीड़ित परिवार के लोग मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं।




## सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता सोनू सूद फिल्म 'फतेह' के जरिए निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं। सोनू सूद की आने वाली 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में आपको ऐसा एक्शन देखने को मिलेगा जो बॉलीवुड में पहले कभी नहीं देखा गया होगा। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज और नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में दमदार एक्शन सीक्वेंस और साइबर क्राइम के इर्द-गिर्द घूमती एक आकर्षक कहानी होगी।


जी स्टूडियोज और शक्ति सागर प्रोडक्शंस ने फिल्म फतेह का निर्माण किया है। यह फिल्म 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कोई शक नहीं कि जो लोग एक्शन थ्रिलर फिल्में देखना पसंद करते हैं उन्हें 'फतेह' जरूर पसंद आएगी।

## 'बागी-4' में विलेन का किरदार निभाएंगे संजय दत्त




साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'बागी' का चौथे पार्ट की घोषणा हाल ही में की गई थी। इस फिल्म के जरिये टाइगर श्रॉफ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इसी बीच इस फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस फ्रेंचाइजी की पहली तीन पार्ट को दर्शकों ने खूब सराहा तो चौथे पार्ट में और क्या देखने को मिलेगा? फैंस की उत्सुकता भी काफी बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर फिल्म 'बागी-4' का नया पोस्टर सामने आया है। इस नए पोस्टर के जरिए फिल्म के विलेन का चेहरा सामने आ गया है। फिल्म में विलेन के तौर पर मनोज वाजपेई और जयदीप अहलावत के बाद एक्टर संजय दत्त देखा जा सकता है। इस पोस्टर में संजय दत्त का विलेन लुक आपके रोंगटे खड़े कर देगा। इस पोस्टर में संजय दत्त कुर्सी पर बैठकर चिल्लाते नजर आ रहे हैं। साथ ही उनकी गोद में एक बच्ची लहूलुहान हालत में नजर आ रही है। संजय दत्त भी खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट पर 'हर आशिक एक विलेन है' लिखा हुआ है। इस पोस्टर से दर्शक अंदाजा लगा रहे हैं कि एक्टर अपने प्यार को खोने के बाद विलेन बन जाते हैं। इस बीच, बागी-4 को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच एक्टर संजय दत्त ने इस फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। एक्टर की पोस्ट देखने के बाद उनके फैंस के लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है।

## पहाड़ों की रानी मसूरी ने ओढ़ी बर्फ की चादर, स्वर्ग जैसा नजारा



# दुनिया के निवेशक भारत में निवेश को उत्साहित : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में कारोबारी माहौल से कारोबारी विशेषज्ञ और निवेशक भारत में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री राजस्थान के जयपुर में जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपने कुशल कार्यबल और विस्तारित बाजार के कारण निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। मोदी ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले एक दशक में ही भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था और निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। 2014 से पहले के दशक की तुलना में पिछले दशक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी दो गुना से अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत का बुनियादी ढांचा व्यय लगभग 2 ट्रिलियन रुपये से बढ़कर 11 ट्रिलियन रुपये हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सफलता लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, डिजिटल डेटा और डिलीवरी की असली ताकत को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र की सफलता और सशक्तिकरण अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आने वाले कई वर्षों में भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक होगा और भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या के साथ-साथ सबसे बड़ा कुशल युवा समूह भी होगा। आज की दुनिया में हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और डेटा के महत्व पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि यह सदी तकनीक-संचालित और डेटा-संचालित है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में लगभग 4 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया को लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और डेटा की अपनी वास्तविक शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। मोदी ने कहा, ह्लभारत ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल तकनीक का लोकतंत्रीकरण हर क्षेत्र और समुदाय को लाभान्वित कर रहा हैह्व। यूपीआई, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर सिस्टम, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम), ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीवीसी) जैसी भारत की विभिन्न डिजिटल पहलों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कई प्लेटफॉर्म हैं जो डिजिटल इकोसिस्टम की शक्ति को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि इनका व्यापक प्रभाव राजस्थान में भी स्पष्ट होगा। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारों की प्राथमिकता न तो देश का विकास था और न ही देश की विरासत और इसका खामियाजा राजस्थान को भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकास के साथ-साथ विरासत के मंत्र पर काम कर रही है जिससे राजस्थान को बहुत फायदा होगा। भारत के समृद्ध भविष्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में प्रकृति, संस्कृति, रोमांच, सम्मेलन, गंतव्य विवाह और विरासत पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच करीब 5 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जबकि 2014 से 2024 के बीच तीन-चार साल कोविड प्रभावित रहने के बावजूद 7 करोड़ से ज्यादा विदेशी पर्यटक भारत आए हैं।

## आदित्य बिड़ला समूह राजस्थान में पचास हजार करोड़ का करेगा निवेश

**जयपुर।** आदित्य बिड़ला समूह अगले कुछ वर्षों में



राजस्थान में पचास हजार करोड़ का निवेश करेगा। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। बिड़ला ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में मेजबान की भूमिका में हैं, क्योंकि उनकी जड़ें राजस्थान से जुड़ी हैं। उनका परिवार पिलानी से शुरू हुआ, जो आज दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां से आज हम 65 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि उनकी कंपनी राजस्थान में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश रिन्यूएबल एनर्जी और ज्वेलरी क्षेत्र में करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी राजस्थान में अपना सीमेंट उत्पादन एक करोड़ टन और बढ़ाएगी। वर्तमान में समूह की सीमेंट कंपनी की राजस्थान में उत्पादन क्षमता दो करोड़ टन है। बिड़ला ने कहा कि समूह की आभूषण कारोबार इकाई भी राज्य में एक छोटी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी व्यवसायों में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### Hit लिस्ट

## पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट, जवान शहीद

**पुंछ।** पुंछ जिले के सोजियां सेक्टर में सोमवार को बारूदी सुरंग के विस्फोट में सेना का एक जवान बलिदान हो गया। सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स की ओर से



बताया गया कि पुंछ के सामान्य क्षेत्र में थानेदार टेकरी में एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान एक माइन ब्लास्ट के दौरान 25 आरआर के बहादुर हवलदार वी सुब्बैया वरिकुंटा वीर गति को प्राप्त हो गए। जवान का पैर गलती से बारूदी सुरंग पर पड़ा, जिससे विस्फोट हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जवान के सर्वोच्च बलिदान पर कॉर्प्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) की ओर से दी गई श्रद्धांजलि में शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए कहा गया कि हम इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

## सीरिया की स्थिति पर नजर बनाए हुए है भारत

**नई दिल्ली।** सीरिया में विद्रोही समूह की ओर से




किए गए सत्ता परिवर्तन पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा है कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हम सीरिया में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर वहां की स्थिति पर नजर रखे हैं। हम इस बात पर जोर देते हैं कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए।

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तानाशाही शासन के अंत का स्वागत किया

# संयुक्त राष्ट्र ने कहा-अब सीरिया के पास बेहतर भविष्य का अवसर

**दमिश्क।** सीरिया में लंबे सशस्त्र संघर्ष के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के पतन पर संयुक्त राष्ट्र ने खुशी जताई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तानाशाही शासन के अंत का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 14 साल के क्रूर युद्ध और तानाशाही शासन के अंत के बाद सीरियाई लोगों के पास एक स्थिर और शांतिपूर्ण भविष्य बनाने का ऐतिहासिक अवसर है। अरबी न्यूज वेबसाइट '+963' ने सीरिया के बदले घटनाक्रम पर क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया को तरजीह दी है। वेबसाइट के अनुसार, अल-कायदा समर्थित आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम और तीन विपक्षी गुटों ने रविवार भोर राजधानी राजधानी दमिश्क पर नियंत्रण कर राष्ट्रपति को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। सऊदी अरब



सीरिया के नागरिकों की पसंद के साथ सऊदी अरब ने सीरियाई लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए गए सकारात्मक कदमों पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। उसने जोर देकर कहा कि वह इस महत्वपूर्ण अवसर पर सीरियाई लोगों और उनकी पसंद के साथ खड़ा है। सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किए बिना उसके साथ खड़े होने का आह्वान किया। बेल्जियम ने कहा-अच्छा हुआ। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरिया में अच्छा हुआ कि असद के अंसवैधानिक शासन का अंत हो गया। सीरिया के भविष्य के लिए एक शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया का होना महत्वपूर्ण है। मंत्रालय ने आग्रह किया कि सीरिया के लोगों के साथ न्याय हो। गुटेरेस ने कहा- यह ऐतिहासिक अवसर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सीरिया में तानाशाही शासन के अंत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 14 साल के क्रूर युद्ध और तानाशाही शासन के अंत के बाद सीरियाई लोगों के पास एक स्थिर और शांतिपूर्ण भविष्य बनाने का ऐतिहासिक अवसर है। यूरोपीय आयोग ने कहा- महत्वपूर्ण परिवर्तनयूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने सीरिया के घटनाक्रम को ऐतिहासिक परिवर्तन बताया। लेकिन चेतावनी दी कि यह जोखिम से खाली नहीं है। उन्होंने सीरिया के पुनर्निर्माण में योगदान देने और अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का वादा किया गया। इराक ने कहा- वह आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगाइराक सरकार के प्रवक्ता बसेम अल-अवदी ने कहा कि उनका देश सीरिया की स्थिति के घटनाक्रम पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा हम सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने या किसी अन्य के लाभ के लिए एक पार्टी का समर्थन नहीं करने के महत्व को दोहराते हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)